Need to declare the road connecting Pratapgarh, Kaushambi and Prayagraj districts in Uttar Pradesh as national highway.-laid

श्री पुष्पेंद्र सरोज (कौशाम्बी) **:** मैं माननीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर जनपद प्रतापगढ़ के मंनिखेड़ा से होते हुए यह मार्ग राज्य ग्राम चौबसी, दभेहटा पुल (राम ब्रिज), दनियालपुर, सैनी चौराहा, जीतौरा रोड, कामसिन मोड़, सौरई बाजार, मंझनपुर, करारी, भेवरिका कटरा, सर्सई अकील, पुरखास, चंदवा का पुरवा, यमुना नदी घाट से होकर जनपद प्रयागराज के रीवा मार्ग तक पहुँचता है । यह मार्ग प्रतापगढ़, कौशांबी और प्रयागराज जिलों को जोड़ता है तथा अत्यधिक व्यस्त रहता है । इस मार्ग से भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं, किंतु सड़क की चौड़ाई कम होने और स्थिति खराब होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ होती हैं । यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी आवागमन का मुख्य साधन है । जनहित में इस राज्य मार्ग को नेशनल हाईवे घोषित कर उसका चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य कराना आवश्यक है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क सशक्त हो, यातायात दबाव कम हो और आर्थिक विकास को गति मिले । अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उपरोक्त मार्ग को नेशनल हाईवे घोषित कर शीघ्र निर्माण कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं ।